वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: 4156 / गोप0 / प्रायो0 / 23 दिनांक: 26.09.2023
27

सेवा में,

प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
जनपद– जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर
उत्तर प्रदेश।

विषय :– स्नातक स्तर पर द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अष्टम सेमेस्टर के सम्पन्न हुई परीक्षा के मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 07 अक्टूबर 2023 तक कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक: 4082 / गोप0 / प्रायो0 / 23, दिनांक: 29.08.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा कराये जाने की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2023 निर्धारित की गयी थी। स्नातक स्तर पर द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अष्टम सेमेस्टर के समस्त विषयों के मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु वाह्य परीक्षकों की सूची कालेज के लॉगिंन पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः जनपद– जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज के सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय अपने यहाँ संचालित पाठ्यक्रमों की मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा विलम्बतम् दिनांक 07 अक्टूबर 2023 तक सम्पन्न कराकर ऑनलाइन मार्क्स सब्मिट करना तथा उसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय में दिनांक: 10 अक्टूबर 2023 तक जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षा परिणाम ससमय घोषित किया जा सके। उक्त तिथि के बाद मौखिकी / प्रायोगिक परीक्षा के आनलाइन मार्क्स सब्मिशन बन्द कर दिया जायेगा। **जिन छात्र / छात्राओं के आनलाइन मार्क्स उक्त तिथि तक नहीं प्राप्त होंगे उन्हें अनुपस्थित** मानकर **परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जायेगा** जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समाचार सम्पादक, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक।
4. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव
(गोपनीय)